# कुल भास्कर आश्रम पीजी कॉलेज में त्रि - दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

संवाददाता, प्रयागराज। कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं मिशन शक्ति अभियान के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के कौशल विकास हेतु मशरूम उत्पादन विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय 1- 3 नवंबर तक कार्यशाला का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मशरूम उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना,आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार की क्षमता बढ़ाना है। यह कार्यक्रम वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष परम प्रकाश सिंह नेतृत्व में आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में चौ. महावीर प्रसाद महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.आलोक कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं को मशरूम उत्पादन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया। इस त्रि-दिवसीय कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने मशरूम उत्पादन से जुड़ी बारीकियों को जाना समझा और प्रयोग करके उसके उत्पादन हेतु बीजारोपण (स्पानिंग) किया। डॉ. आलोक ने मशरूम के पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए उसके आर्थिक एवं व्यवसायिक महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो.एसपी विश्वकर्मा, प्रो.कमलेश सिंह,प्रो.सी एस चौबे, प्रो.पवन कुमार पचौरी, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ.आभा त्रिपाठी, डॉ.अनुराग त्रिपाठी,डॉ.मनोज सिंह तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।